| States/UTs | Wheat | Rice | Sugar |
|---|---|---|---|
| Punjab | 66.69 | 12.48 | 114.90 |
| Rajasthan | 863.69 | 65.51 | -249.52 |
| Sikkim | 7.62 | 93.03 | 2.41 |
| Tamilnadu | 320.00 | 1261.40 | 315.54 |
| Tripura | 20.80 | 19L95 | 16.02 |
| Uttar Pradesh | 1265.73 | 569.69 | 786.49 |
| West Bengal | 1259.30 | 535.85 | 385.99 |
| A & N Islands | 1.50 | 7.70 | 3.81 |
| Chandigarh | 20.05 | 3.33 | 5.25 |
| D&N Haveli | 2.40 | 5.85 | 0.73 |
| Daman & Diu | 1.85 | 5.45 | 0.45 |
| Delhi | 692.67 | 172.97 | 159.36 |
| Lakshdweep | 0.50 | 7.70 | 1.00 |
| Pondicherry | 6.30 | 23.20 | 5.87 |
| TOTAL | 10371.80 | 13109.87 | 4900.55 |

**भारतीय खाद्य निगम द्वारा मध्य प्रदेश से गेहूं का निर्यात किया जाना**

4163. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवेः** क्या खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय खाद्य निगम द्वारा राज्य व्यापार निगम के सहोयग से वर्ष 1995-96-97 के दौरान मध्य प्रदेश से गेहूं का कोई निर्यात किया गया है,

(ख) यदि हां, तो उक्त दो वर्षों के दौरान राज्य से गेहूं की कितनी मात्रा का निर्यात किया गया, और

(ग) वर्ष 1997-98 के दौरान भारतीय खाद्य निगम द्वारा राज्य से गेहूं की कितनी मात्रा का निर्यात किये जाने का विचार है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सत्य पाल सिंह यादव): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग)भारतीय खाद्य निगम द्वारा 1997-98 के दौरान गेहूं निर्यात करने का कोई प्रस्ताव नहीं था।

**भारतीय खाद्य निगम के गोदाम**

4164. **चौधरी हरमोहन सिंह यादवः**

**श्री नागमणि**

क्या खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आय की तारीख में देश में भारतीय खाद्य निगम के गोदामों की राज्य वार संख्या कितनी है,

(ख) क्या गोदामों की यह संख्या राज्य की मांग के अनुरुप पर्याप्त है,

(ग) क्या कुछ राज्यों में ये गोदाम जीर्ण शीर्ण स्थिति में है जिससे बहुमूल्य खाद्यात्र का भंडारण अत्यन्त कठिन हो गया है, औऱ

(घ) क्या सरकार ने इस संबध में कोई सर्वेक्षण कराया है?

खाद्य औऱ उपभोक्ता मामले मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सत्यपाल सिंह यादव): (क) 1.6.98 के स्थिति के अनुसार भारतीय खाद्य निगम के पास उपलब्ध गोदामों की संख्या संलग्न विवरण में दी गयी है, (नीचे देखिये)

जी, हां इसके अलावा , भारतीय खाद्य निगम को अपनी आवश्यकता पर निर्भर करते हुए सरकारी एजेन्सीयों और प्राइवेट पार्टियों से अतिर्कित गोदाम किराये पर लेने की आवश्यक शक्तियां प्राप्त हैं।

(ग)जी, नहीं।

(घ) वर्ष भर भारतीय खाद्य निगम के सभी गोदामों का आवधिक निरीक्षण किया जाता है और डिपुओं का रोग निवारण रख रखाव किया जाता है । इसके अलावा वार्षिक रख रखाव संबंधी कार्य और विशेष मरम्त संबंधी कार्य भी किए जाते हैं,।

1.6.1998 को स्थिति के अनुसार भारतीय खाद्य निगम के राज्य वार गोदामों की संख्या बताने वाला विवरण

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | भारतीय खाद्य निगम के गोदामों की संख्या (अपने, किराये के/ढके हुए व कैप) |
|---|---|---|
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | 03 |
| 2. | आन्ध्र प्रदेश | 168 |
| 3. | असम | 42 |
| 4. | बिहार | 55 |
| 5. | गोवा | 1 |
| 6. | गुजरात | 41 |
| 7. | हरियाणा | 112 |
| 8. | हिमाचल प्रदेश | 17 |
| 9. | जम्मु और कशमीर | 15 |
| 10. | कर्नाटक | 49 |
| 11. | केरल | 24 |
| 12. | मध्य प्रदेश | 155 |
| 13. | महाराष्ट्र | 36 |
| 14. | मणिपुर | 03 |
| 15. | मेघालय | 05 |
| 16. | मिजोरम | 06 |
| 17. | नागालैंड | 06 |
| 18. | उड़ीसा | 53 |
| 19. | पंजाब | 463 |
| 20. | राजस्थान | 99 |
| 21. | सिक्किम | 04 |
| 22. | तमिलनाडु | 32 |
| 23. | त्रिपुरा | 07 |
| 24. | उत्तर प्रदेश | 234 |
| 25. | पश्चिम बंगाल | 54 |
| 26. | चंढीगढ़ | 12 |
| 27. | दिल्ली | 10 |
| 28. | पांडिचेरी | 03 |
| | जोड़ | 1709 |